# कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी
# सर्व शिक्षा अभियान, रोहतास।

निजी विद्यालयों के प्रस्वीकृति से संबंधित

प्रपत्र – II

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक एवं सर्व शिक्षा अभियान)

पत्रांक : – ....231.... दिनांक ....30-01-2020....

सेवा में,

अध्यक्ष /व्यवस्थापक / प्रबंधक,
बाल विकास विद्यालय
रौजा रोड, सासाराम
रोहतास

विषय : बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 की धारा 18 के प्रयोजनार्थ बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली के नियम 11 के उपनियम 5 के अंतर्गत विद्यालय की प्रस्वीकृति का प्रमाण पत्र।

महाशय/महाशया,

अपके आवेदन पत्र के आलोक में आपसे किये गये पत्राचार एवं विद्यालय के किये गये निरीक्षण के आलोक में आपके विद्यालय को कक्षा – 1 से कक्षा 8 तक संचालन हेतु 03 वर्षो (25 मार्च 2016 से 24 मार्च 2019) की अवधि के लिए औपबंधिक प्रस्वीकृति प्रदान की जाती है।

1. प्रस्वीकृति किसी भी परिस्थति में कक्षा 8 तक की सीमा के बार मान्य नहीं होगी।
2. विद्यालय बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 तथा बिहार राज्य मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली, 2011 का अनुपालन आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेगा।
3. विद्यालय अपनी कक्षा – 1 में बच्चों के नामाकन की कुल क्षमता 25 प्रतिशत बच्चों का नामाकन अपने पड़ोस के कमजोर एवं वंचित समुदाय के बच्चों को करेगा तथा उन्हें मुफ्त एवं अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा उसकी पूर्णता तक प्रदान करेगा, परन्तु यह कि यदि विद्यालय में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन हो रहा है, तो इस मानक का अनुपालन पूर्व प्राथमिक कक्षा के लिए भी किया जाएगा।
4. कंडिका 03 में उद्धृत बच्चों के मामले में विद्यालय को बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम की धारा 12 की उपधारा – 02 के आलोक में निर्धारित राशि की प्रतिपूर्ति की जाएगी। प्रतिपूर्ति की जाने वाली राशि की प्राप्ति के लिए विद्यालय अलग से बैंक खाता का साधारण करेगा।
5. सोसाईटी /विद्यालय के द्वारा किसी प्रकार का व्यक्तिगत अनुदान नहीं प्राप्त किया जाएगा तथा किसी भी बच्चा, उसके माता – पिता या अभिभावक का परीक्षण नहीं किया जाएगा।
6. विद्यालय किसी बच्चे के नामाकन से उसकी उम्र प्रमाण – पत्र, नामाकन के विस्तारित अवधि के बाद तथा धर्म, जाति, जन्म – स्थान आदि करणों या इसमें से किसी एक कारण के आधार पर इन्कार नहीं कर सकेगा।
7. विद्यालय के द्वारा निम्न कार्य सुनिश्चत किये जाएगे:–
   - क. किसी भी नामांकित बच्चे को किसी भी कक्षा में रोककर नहीं रखा जाएगा और न ही किसी नामांकित बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक विद्यालय से निष्कासित किया जाएगा।
   - ख. किसी भी बच्चे को किसी प्रकार का शारिरीक दण्ड नहीं दिया जाएगा तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जाएगा।

PRINCIPAL
BAL VIKAS VIDYALAYA
Po.-SASARAM (ROHTAS)

MANAGER
Bal Vikas Vidyalaya
Shershah Rauza Path, Sasaram

ग. किसी भी बच्चें को प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के लिए किसी भी प्रकार का बोर्ड परीक्षा पास करने की आवश्यकता नहीं होगी।

घ. प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने वाला प्रत्येक बच्चा को नियम – 22 के आलोक में प्रमाण – पत्र प्रदान किया जाएगा।

ङ. अधिनियम के प्रावधानों के आलोक में विकलांग/विशेष आवश्यकता वालें बच्चों का समावेशन किया जाएगा।

च. शिक्षकों का नियोजन अधिनियम की धारा 23 की उप–धारा 1 में, उनके लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता के अनुरूप किया जाएगा परन्तु यह कि अधिनियम के लागू होने के समय वर्तमान में कार्यतर वैसे सभी शिक्षक, जो निर्धारित न्यूनतम योग्यता नहीं धारित करते हैं वे 05 वर्षों के अन्दर निर्धारित न्यूनतम योग्यता प्राप्त कर लेंगे।

छ. शिक्षक अधिनियम की धारा 24 की उप – धारा 01 में प्रावधानित शिक्षकों के दायित्व का निर्वहन करेंगे।

ज. शिक्षक निजी स्तर पर किसी भी प्रकार की शिक्षण –गतिविधि में संलग्न नहीं होंगें।

8. विद्यालय राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं पाठ्यचर्या का अनुसरण करेगा।
9. विद्यालय अधिनियम की धारा 19 के प्रावधानों के आलोक में उपलब्ध सुविधाओं के आनुपातिक रूप से छात्रओं का नामांकन करेगा।
10. विद्यालय अधिनियम की धारा 19 में उद्धृत मानको एवं मानदण्डों को बरकरार रखेगा।
11. कोई भी अप्रस्वीकृत वर्ग कक्ष विद्यालय परिसर में या बाहर विद्यालय के नाम से संचालित नहीं होगा।
12. विद्यालय भवन अथवा अन्य संरचनाए अथवा मैदान का उपयोग केवल शिक्षा तथा कौशल विकास के लिए होगा।
13. विद्यालय सोसाईटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 (1860 का 21) के अंतर्गत निबंधित सोसाईटी के द्वारा अथवा किसी निर्धारित समय में लागू कानून के तहत गठित किसी पब्लिक ट्रस्ट के माध्यम से संचालित होगा।
14. विद्यालय किसी व्यक्ति समूह अथवा व्यक्तियों के संघ अथवा किसी अन्य व्यक्तियों के लाभ के लिए संचालित नहीं होगा।
15. लेखा का अंकेक्षण एवं उसका प्रमाणीकरण चार्टर्ड एकाउन्टेंट के द्वारा किया जाएगा और निर्धारित नियमों के आलोक में उपयुक्त लेखा विवरणी तैयार की जाएगी। प्रत्येक लेखा विवरणी की एक प्रति प्रतिवर्ष जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान) को भेजी जाएगी।
16. आपके विद्यालय को आवंटित प्रस्वीकृति कोड संख्या RC/BIH/ROH/2013-14-50 हैं। इस कार्यालय से किसी भी प्रकार का पत्राचार करने में इस कोड को कृप्या अंकित एवं उद्धृत किया जाए।
17. निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/ जिला कायक्रम पदाधिकारी, (प्रारंभिक एवं सर्व शिक्षा अभियान) के द्वारा समय – समय पर मांग किये गये प्रतिवेदन एवं सूचनाएॅ विद्यालच के द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी और राज्य सरकार के स्तर से प्रस्वीकृति की शर्त्तों के लगातार रूप से पूरा करने की सुनिश्चितता हेतु अथवा विद्यालय संचालन से संबंधित कठिनाईयों को दूर करने हेतु समय – समय पर निर्ग त्रत अनुदेशों का अनुपालन विद्यालय के द्वारा किया जाएगा।
18. यदि सोसाईटी के निबंधन की वनीकरण की किसी प्रकार की आवश्यक्ता है तो उसे सुनिश्चित किया जाए।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
रोहतास, सासाराम

जिला शिक्षा पदाधिकारी
रोहतास, सासाराम

PRINCIPAL
BAL VIKAS VIDYALAYA
Po.-SASARAM (ROHTAS)

MANAGER
Bal Vikas Vidyalaya
Shershah Rauza Path, Sasaram